बदनाम कर हटवाने की साजिश का एक पहलू है। इस प्रकार खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा जो सेंपल की कार्यवाही की गई है जो पुरी तरह गलत होने से कार्यवाही निरस्त योग्य हैं। गवाहान ने उक्त कार्यवाही पर अप्रार्थीगण की उपस्थिति में हस्ताक्षर नही किये है, गवाहान के हस्ताक्षर प्रार्थी ने कब करवाये यह अप्रार्थीगण की जानकारी में नही है तथा प्रार्थी/आवेदक द्वारा जो सीटचीट की कार्यवाही की गई है वह भी पूरी तरह संदेहास्पद है। प्रार्थी/आवेदक द्वारा की गई पुरी कार्यवाही दुषित संदेहास्पद है, प्रार्थी/आवेदक का मुख्य उद्देश्य अप्रार्थीगण की फर्म को जे.के. सीमेंट वर्क्स में लगी केंटीन को बदनाम कर हटवाने की साजिश है तथा आवेदक द्वारा नमुना सील चपडी किया गया है और उसका मोनोग्राम जो बनाया है वह भी गलत है और इस प्रकार प्रार्थी/आवेदक ने स्वयं ने खाद्य सुरक्षा अधिनियम के नियमों का पालन नही किया है। अप्रार्थीगण ने जो सामग्री नुगती एवं नमकीन निर्मित की है वह शुद्ध मुंगफली के तेल एवं शुद्ध बेसन से तैयार की गई थी, जिसे जांच में सब्स्टेण्डर्ड बताया गया है, जबकि जांच अधिकारी ने यह खुलासा नही किया गया है कि नुगती एवं नमकीन में जो चीज अप्रार्थीगण ने निर्मित करने में उपयोग में ली है उसका कोई खुलासा नही किया है, जिससे पता चल सके कि उक्त नुगती एवं नमकीन में उक्त चीजे डालने से मिलावटी हो, पायी गयी है। इससे भी प्रकट होता है कि पुरी कार्यवाही ही द्वेषता एवं अप्रार्थीगण को बदनाम एवं जे.के.सीमेंट प्रांगण से हटवाने की साजिश है। इस प्रकार प्रार्थी/आवेदक द्वारा की गई कार्यवाही अवैध एवं गलत होने से निरस्त योग्य है। अप्रार्थीगण की फर्म में हर प्रकार का खाद्य पदार्थ शुद्ध बनता है किसी प्रकार की कोई मिलावट नही की जाती है और प्रार्थी/आवेदक द्वारा जब नुगती एवं नमकीन के जो नमूने लेकर उसमें मिलावट बताकर इस चरण में उल्लेखित अधिनियम व धाराओं का उल्लंघन करना बतया गया है जो सरासर गलत है और अप्रार्थीगण पर किसी भी का कोई जुर्माना लगाना अवैध है। इस प्रार्थी/आवेदक द्वारा की गई पुरी कार्यवाही दुषित एंव पूर्णतया गलत होने से निरस्त की जावे। अप्रार्थीगण की केंटीन मैसर्स निलम मिरानी विगत कई वर्षो से जे.के. सीमेंट प्रांगण निम्बाहेडा में अनुज्ञापत्र के आधार पर फर्म संचालित करती है तथा अप्रार्थीगण अपनी फर्म में जो खाने की चीजे बनाता है वह शुद्ध मुंगफली के तेल एवं शुद्ध बेसन मसाले आदि का उपयोग करता है, इसी कारण जे.के. सीमेंट में अप्रार्थीगण की उक्त फर्म पर किसी भी प्रकार की खाद्य सामग्री में मिलावट होने का या अशुद्ध होने का आरोप नही लगा है और आज भी अप्रार्थीगण की फर्म में हर प्रकार की खाद्य सामग्री शुद्ध बनती है। यह कि प्रार्थी/आवेदक ने खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 के नियमों की पालना नही की है, तथा अप्रार्थीगण की फर्म से नुगती एवं नमकीन के जो नमुने लेकर जो जांच करायी है, उसमें किस चीज की मिलावट की गई है ऐसा कोई स्पष्ट अंकित नही किया गया है, एवं केवल सब्स्टेण्डर्ड पाया गया बताने से मिलावट की जानकारी नही दी गई है और इस प्रकार जांच भी

Signature Not Verified
Digitally signed by Ratan Kumar
Date: 2021.03.12 18:54:40 IST
Reason: SelfAttested

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

